## अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, मुंगेर का पथ प्रमंडल, लखीसराय अन्तर्गत पथो का निरीक्षण प्रतिवेदन :–

आज दिनांक 25.07.2024 को अधोहस्ताक्षरी के द्वारा, पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल, लखीसराय के क्षेत्राधीन निम्नलिखित पदाधिकारियों की उपस्थिति में निम्नांकित पथों का निरीक्षण किया गया।

उपस्थित पदाधिकारी –

1. श्री शंभु कुमार, कार्यपालक अभियंता
2. श्री शिवम कुमार, सहायक अभियंता
3. श्री अमित कुमार सिंह, कनीय अभियंता

**बड़हिया (कृष्णा चौक) – रामपुर (NH-80) पथ भाया खुटहा, मुड़वरिया, मोहनपुर, सूरजीचक (पथ की कुल ल0 21.100 कि0 मी0) :–**

यह पथ बड़हिया (कृष्णा चौक) से प्रारंभ होकर रामपुर चौक (NH -80) पर समाप्त हो जाती है। इस पथ की कुल लंबाई 21.10 कि0मी0 है। स्थल निरीक्षण के क्रम में सहायक अभियंता द्वारा बताया गया कि इस पथ में इंदूपुर के पास Ch.730 से 1000 तक Land acquisition हेतु सतत् लीज पर जिला प्रसाशन द्वारा तय किये गये दर पर रैयत के द्वारा सहमति नही दी जा रही है।

इस पथ के Ch.2600 से 3500 तक जैतूपुर के पास Existing Road पर रैयतों द्वारा काम नही करने दिया गया। चौड़ीकरण के लिए भूमि नही रहने के कारण मिट्टी का कार्य भी नही करने दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वार मौखिक रुप से अंचल अमीन को निदेशित करने पर अमीन स्थल की मापी कर रहा है।

इस पथ के Ch.11400 से 11500 तक मुड़बरिया के पास भूमि विवाद के कारण पूर्व मार्ग रेखण (Alignment) से हटकर बनाने का दबाब दिये जाने के कारण Bituminous कार्य नही करने दिया गया।

इस पथ के Ch.14600 से 15000 तक वलीपुर के पास भूमि विवाद के कारण कार्य नही किया गया। अंचल अधिकारी पिपरिया द्वारा नियुक्त अमीन एवं पुलिस बल के द्वारा मापी में भी काफी विरोध किया गया। इस प्रकार उक्त वर्णित चैनेजों पर कार्य बधित है। पथ का ROW कम रहने के कारण फ्लैंक की चौड़ाई कम है। उपस्थित कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता को जिला प्रशासन से आपसी समन्वय बैठाकर कार्य पूर्ण करने हेतु निदेशित किय गया।

अधीक्षण अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ अंचल, मुंगेर।

ज्ञापांक 792 दिनांक 26/07/2024

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लखीसराय को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ हेतु प्रेषित।

अधीक्षण अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ अंचल, मुंगेर।

ज्ञापांक 792 दिनांक 26/07/2024

o/c

प्रतिलिपि :– अधीक्षण अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (दक्षिण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

अधीक्षण अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ अंचल, मुंगेर।